हिंदुस्तान जिंक ने 1 साल में 18 अरब लीटर पानी रिसाइकिल किया, ये राजस्थान की एक लाख आबादी की जरूरत के बराबर

rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/water-conservation-hzl-to-start-4-000-kld-zero-liquid-discharge-plant-in-rajasthan-7983561

March 22, 2025

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने विश्व जल दिवस पर बड़ा ऐलान किया है. (प्रतीकात्मक तस्वीर)

Rajasthan News: हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18 अरब लीटर से अधिक पानी को रिसाइकिल किया है, जो राज्य के लगभग 1 लाख घरों के सालाना जल उपयोग के बराबर है. विश्व जल दिवस के अवसर पर, कंपनी ने यह भी घोषणा की कि वह आने वाले हफ्ते में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के रामपुरा अगुचा में 4000 किलोलीटर प्रतिदिन (केएलडी) क्षमता वाले जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट का उद्घाटन करेगी. रामपुरा अगुचा दुनिया के सबसे बड़े भूमिगत जिंक खनन परिचालन का घर है.

एक अधिकारी के अनुसार, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) ने "जीरो लिक्विड डिस्चार्ज अप्रोच को बनाए रखा है जो यह सुनिश्चित करता है कि पानी और एफ्यूलेंट को ट्रीट किया जा सके, रिसाइकिल और रियूज किया जाए सके. ताकि लिक्विड डिस्चार्ज को समाप्त करते हुए मीठे पानी पर निर्भरता काफी कम हो जाए. जल संरक्षण के प्रति इसका दृष्टिकोण परिचालन और समुदाय-नेतृत्व वाली जल प्रबंधन पहलों को शामिल करता है.

कंपनी ने बनाए रखा जीरो लिक्विड डिस्चार्ज रुख

एचजेडएल की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, 'कंपनी ने जीरो लिक्विड डिस्चार्ज रुख को बनाए रखा है. यह नई सुविधा (रामपुरा अगुचा में), जिंक स्मेल्टर देबारी, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर और ज़ावर ग्रुप ऑफ़ माइन्स में मौजूदा शून्य तरल निर्वहन संयंत्रों के साथ-साथ कंपनी के जिम्मेदार जल प्रबंधन के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है.'

समुदायों-उद्योगों के लिए लॉन्ग टर्म जल सुरक्षा

उन्होंने कहा, 'हमारा जल प्रबंधन दृष्टिकोण परिचालन दक्षता से आगे बढ़कर समुदायों और उद्योगों दोनों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करता है.' उन्होंने आगे कहा कि कंपनी ग्राउंड वाटर रिसाइकिल को बढ़ाने और ग्रामीण जल पहुंच में सुधार लाने के लिए बड़े पैमाने पर सामुदायिक जल पहल कर रही है.

10 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा लाभ

हेब्बार ने कहा, 'भीलवाड़ा जिले के अगुचा में हमने अगुचा पंचायत को कवर करते हुए तालाब जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया है. यह परियोजना गांवों के आसपास की जैव विविधता को पुनर्जीवित करेगी, पानी की उपलब्धता बढ़ाएगी और लगभग 25,000 लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी.' उन्होंने बताया कि इसी तरह राजसमंद जिले में हिन्दुस्तान जिंक ने चार गांवों में तालाब गहरीकरण कार्य शुरू किया है, जिससे 10,000 से अधिक लोगों को लाभ मिला है.

ये भी पढ़ें:- एसआई पेपर लीक के मास्टरमाइंड की साली फरार, SOG ने पूछताछ के लिए बुलाया था जयपुर

Rajasthan.NDTV.in पर **राजस्थान** की ताज़ातरीन ख़बरों को ट्रैक करें. **देश** और **दुनियाभर** से न्यूज़ अपडेट पाएं. इसके अलावा, मनोरंजन की दुनिया हो, या **क्रिकेट** का खुमार, लाइफ़स्टाइल टिप्स हों, या अनोखी-अनूठी ऑफ़बीट ख़बरें, सब मिलेगा यहां-ढेरों फोटो स्टोरी और **वीडियो** के साथ.